दिनांक 25.06.2018

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

भिलाईनगर/ शासन के विकास यात्रा समापन अवसर पर शासन की विभिन्न हितग्राही मूलक योजनाओं के सामग्री वितरण एवं भूमिपूजन कार्यक्रम का आयोजन 26 जुन 2018 को सांस्कृतिक भवन वैशाली नगर जोन 02, एवं 27 जुन 2018 को अण्डा चौक मंगल भवन खुर्सीपार में दोपहर 12 बजे आयोजित है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय श्री प्रेमप्रकाश पाण्डेय मंत्री राजस्व एवं आपदा प्रबंधन, उच्च शिक्षा एवं जनशक्ति नियोजन, विज्ञान एवं प्राद्योगिकी छ0ग0 शासन, अध्यक्षता माननीया श्रीमती रमशीला साहू मंत्री बाल विकास एवं समाज कल्याण विभाग छ0ग0 शासन, विशिष्ट अतिथि माननीय श्री ताम्रध्वज साहू, सांसद दुर्ग लोकसभा, माननीय श्री विद्यारतन भसीन, विधायक वैशाली नगर, माननीय देवेन्द्र यादव, महापौर नगर पालिक निगम भिलाई, माननीय श्री श्यामसुन्दर राव, सभापति नगर निगम भिलाई, माननीय सभी पार्षदगण एवं एल्डरमेन की गरिमामयी उपस्थिति में सम्पन्न होगा।

निगम आयुक्त श्री के0एल0 चौहान ने आज निगम क्षेत्र के अंतर्गत विकास यात्रा समापन अवसर पर शासन की विभिन्न हितग्राही मूलक योजनाओं के सामग्री वितरण कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उपस्थित अधिकारी, कर्मचारियों को निर्देशित किया कि वे कार्यक्रम के पूर्व सभी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित कर लेवें। हितग्राहियों को दिये जाने वाले सामग्रियों का वितरण पूर्व पृथक–पृथक स्थल पर रखे साथ ही पात्र हितग्राहियों को अवगत करावें। इस संबंध में समाज कल्याण अधिकारी श्री धर्मेन्द्र साहू, खाद्य अधिकारी श्री सी0पी0 दीपांकर, एवं श्रम विभाग के अधिकारियों के साथ निगम के अधिकारियों की सभागार में बैठक कर कार्यक्रम के संबंध में आवश्यक व्यवस्था करने के निर्देश पूर्व में दिये जा चुके हैं।

निगम क्षेत्र के अंतर्गत विकास यात्रा समापन अवसर पर निगम भिलाई द्वारा शासन के विभिन्न हितग्राही मूलक योजनाओं के सामग्री वितरण, भूमि पूजन, लोकार्पण का कार्यक्रम निगम के जोन 02 एवं 04 में आयोजित किया गया है निर्धारित समय में माननीय अतिथियों के द्वारा पात्र हितग्राहियों को सायकल, सिलाई मशीन, टूल कीट, मजदुर कार्ड, राशन कार्ड, उज्जवला गैस, सहायक उपकरण का वितरण, एवं आंगनबाड़ी भवन, उपस्वास्थ्य केन्द्र, का भूमिपूजन कार्यक्रम सम्पन्न होगा।

निगम आयुक्त श्री चौहान ने संबंधित विभाग जिन्हे उक्त कार्यक्रम हेतु सामग्री वितरण किया जाना है उन्हे निर्देशित करते हुए कहा कि निर्धारित कार्यक्रम दिनांक को स्थल पर समस्त सामग्री उपलब्ध रहें ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही संबंधित जोन आयुक्तों को आवश्यक व्यवस्था कराये जाने के संबंध में दिशा निर्देश दिया गया।

जन सम्पर्क अधिकारी